तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

2 सुख साधनों में नहीं केवल धर्म व अध्यात्म विद्या में है : महेंद्र सागर

4 भीषण गरमी से कुसुमकसा नदी सूखी आठ गांवों में जल...

## खबर संक्षेप

### ईशा फाउंडेशन का इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम 1 से

**बालोद।** ईशा फाउंडेशन द्वारा बालोद में इनर इंजीनियरिंग

कार्यक्रम का आयोजन 1 से 4 मई तक किया जाएगा। इनर इंजीनियरिंग सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा डिज़ाइन किया गया एक शक्तिशाली योग कार्यक्रम है, जिसमें शांभवी महामुद्रा सिखाई जाती है। इसमे शक्तिशाली योगिक क्रियाएं, ध्यान और अंतर्दृष्टिपूर्ण शिक्षाएं शामिल हैं जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम उन सभी के लिए फायदेमंद है जो तनाव और चिंता को कम करना चाहते हैं। अपनी एकाग्रता और फोकस में सुधार करना चाहते हैं। अधिक शांति और आनंद का अनुभव करना चाहते हैं। अपने जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझना चाहते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन ईशा फाउंडेशन, कोयम्बटूर के अनुभवी ब्रह्मचारी द्वारा किया जाएगा।

### खुंदनी के स्कूलों में न्योता भोज का किया आयोजन

**गुरूर।** ग्राम खुंदनी के सरपंच विशाल दीवान द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी व शासकीय माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस आयोजन मे ग्राम खुंदनी के सरपंच विशाल दीवान, प्राथमिक शाला खुंदनी के प्रधान पाठक बीएस साहू व मिडिल स्कूल खुंदनी की प्रधान पाठिका सारिका चौधरी तथा शाला के सभी शिक्षक व रसोइया शाला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

### स्टूडेंट्स को अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी

**भिलाई।** पुलिस विभाग की टीम ने गुरुवार की शाम सिविक सेंटर स्थित कोचिंग सेंटरों में पहुंचकर स्टूडेंट्स को अवेयर किया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशन में एएसपी पद्मश्री तंवर के मार्गदर्शन में रक्षा टीम ने इस अभियान की शुरुआत की। महिला आरक्षक सुषमा चौरे, यमीता साहू, नागेश्वरी रामा कोचिंग सेंटर पहुंचे, जहां 80 लोगों को इमरजेंसी नंबर और अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी गई। इसी प्रकार उड़ान कोचिंग सेंटर में आरक्षक अनुपमा बिसेन, हुलसी यादव, आशा ठाकुर ने 15, महिला थाने में 15 लोगों को अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी। मोबाइल पर इस एप को डाउनलोड करने कहा गया। बताया गया कि अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर न करें। मोबाइल में महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर को सुरक्षित रखने, आत्मरक्षा के उपायों को लेकर ज्यादा अवेयर रहें।

# फिंगर प्रिंट प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में विवेचना की हाईटेक जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद पुलिस फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण से हाईटेक होगी, एक क्लिक से अपराधियों की पुरी कुण्डली निकलेगी। पुलिस कार्यालय बालोद के सभागार में फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट राकेश नरवरे द्वारा आयोजित फिंगर प्रिंट एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के कोर्ट मोहर्रिर, थाने में पदस्थ स्टाफ एवं सीसीटीएनएस आपरेटर शामिल हुए।

जिसमें गिरफ्तार व्यक्तियों, संदेहियों एवं निगरानी बदमाशो के दोनो हाथों की अंगुली चिन्ह तैयार करने के संबंध में एवं घटना स्थल में अंगुली चिन्हो को सुरक्षित करने के तरीके, अज्ञात मृतक के चर्म पोर को सुरक्षित करने एवं योजना के संबंध फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इससे आरोपी के बारे में आनलाईन फिंगर प्रिंट मिलान सकर त्वरित आरोपी के बारे में जानकारी मिल सकेगी। पहले आरोपी का फिंगर प्रिंट मेनुअल लिया जाता था एवं मिलान भी मेनुअल किया जाता था। अब आनलाईन फिंगर प्रिंट लिया जाकर उसकी मैचिंग भी आनलाईन किया जायेगा। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों से फिंगर प्रिंट के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई, इस दौरान उपस्थित स्टाफ ने क्यूरी सवाल भी किये जिसका समुचित समाधान करते हुये उनके सवालो का जवाब दिया गया, क्राइम सीन पर किसी भी प्रकार के फिंगर प्रिंट साक्ष्य को बिना हानि पहुचाये सचेत होकर इविडेंस कैसे कलेक्ट करें इसके बारे में भी बताया गया, ताकि घटना का पूर्ण रूप से सही निरीक्षण कर अपराधी को पकड़ा जा सके एवं पिड़ित को न्याय दिलाया जा सके। उक्त कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा जिले के सभी थाने से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

#### अपराध की विवेचना में होगी सहुलियत

गुण्डरदेही के ग्राम भंडेरा में आयोजित स्व. मिनीमाता मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

# छग की प्रथम महिला सांसद मिनी माता ने नारी शक्ति को आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने कहा कि सतनामी समाज एवं छत्तीसगढ़ के गौरव पूर्व सांसद स्व. मिनीमाता का जीवन जन सेवा एवं संघर्षों में व्यतीत हुआ है। उन्होंने कहा कि स्व. मिनीमाता ने गरीब, दीनहीन एवं जरूरतमंद लोगों के सेवा में आजीवन अपने आप को समर्पित किया था।

साव ने कहा कि इस तरह से स्व. मिनीमाता का पूरा जीवन मानवता एवं जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भंडेरा में आयोजित स्व. मिनीमाता के मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग,

■ सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद और डोमन लाल कोर्सेवाड़ा सहित कई दिग्गज कार्यक्रमम में पहुंचे

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, नंदनी अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू, राजेन्द्र राय, दयाराम साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख एवं पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा समाज प्रमुखगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि उस दौर में जब महिलाओं को अपने घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी वैसे समय में स्व. मिनीमाता को छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ था। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचित वर्गों के साथ–साथ पीड़ित मानवता की सेवा में स्व. मिनीमाता का योगदान अनुपम एवं अद्वितीय है। साव ने कहा कि हम सभी को गरीबों और जरूरतमंद की सेवा करने की सीख स्व. मिनीमाता से लेना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को लोक हितैषी एवं अत्यंत जन कल्याणकारी बताते हुए उसकी भूरी–भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में सत्ता की ▶▶| शेष पेज 02 पर

#### कुरीतियों को समाज से दूर किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने वंचित वर्गों के कल्याण तथा समाज के नवनिर्माण में स्व. मिनीमाता के योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. मिनीमता जीवन पर्यंत समाज में फैले कुरीतियों और विसंगतियों को दूर करने में बहुमूल्य भूमिका निभाई है। इस अवसर पर नंदनी अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कुर्सेवाड़ा ने स्व. मिनीमाता के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज के शोषित, पीड़ित एवं वंचित वर्गों का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि आप सबके — पा एवं आशीर्वाद से ग्राम भंडेरा के मेरे जैसे एक साधारण व्यक्ति को नंदनी अहिवारा विधानसभा क्षेत्र का विधायक बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। समारोह में अतिथियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के प्रतिभाशाली लोगों का सम्मान भी किया गया।

# अवैध प्लांटिंग के लिए बनाए मुरुम मार्ग को किया ध्वस्त प्रशासन ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय मे लगातार अवैध प्लाटिंग की शिकायते व उसके वजह से हो रही समस्याओ को देखते हुए प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की। इसी के तहत नगर पालिका बालोद के वार्ड नंबर 20 मे निजी भूमि खसरा नंबर 646 मे अवैध प्लाटिंग के उद्देश्य से बनाये गए मुरूम के मार्ग को जेसीबी से काट दिया गया एवं अन्य संरचनाओ को ध्वस्त किया गया।

■ शिकायत पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

प्रशासन द्वारा इससे पूर्व भी नगर मे अवैध प्लाटिंग की शिकायते सामने आने के बाद उस पर कार्यवाही करते हुए लोगो को जागरूक करने का काम किया गया था तथा प्रशासन द्वारा पहल करते हुए अवैध प्लाटिंग वाले जगहो मे बैनर पोस्टर व बोर्ड लगाकर जमीन को अवैध प्लाटिंग होने की सूचना देते हुए लोगो को अवैध प्लाटिंग वाले जमीनो को न खरीदने की पहल की गई थी, लेकिन उसके बाद भी नगर मे अवैध प्लाटिंग चलती रही और अवैध प्लाटिंग को खरीदकर कई अन्य मूलभूत सुविधाएं न मिलने का रोना लोग रोते रहे, प्रशासन लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

अनुविभागीय अधिकारी बालोद सुरेश कुमार साहू के निर्देश पर तहसीलदार आशुतोश शर्मा द्वारा नगर पालिका बालोद के वार्ड नंबर 20 मे निजी भूमि खसरा नंबर 646 मे अवैध प्लाटिंग के उद्देश्य से बनाये गए मुरूम के मार्ग को जेसीबी से काट दिया गया एवं अन्य संरचनाओ को ध्वस्त किया गया।

तहसीलदार आशुतोश शर्मा ने बताया कि बिना डायवर्सन एवं बिना अनुमति के इस तरह प्लाट काटकर बेचना अवैध एवं दण्डनीय है। अवैध प्लाटिंग से भविष्य मे संकरी गलियां, नाली का अभाव, बरसात मे जल ▶▶| शेष पेज 02 पर

# मलेरिया रोग की रोकथाम व उपचार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखंड गुरुर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस भारती के निर्देशानुसार विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन सीएससी गुरुर में किया गया। जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा मलेरिया के रोकथाम बचाव उपचार पर आवश्यक संदेश दिया।

मलेरिया एक वेक्टर जनित परजीवी जनित रोग है जो मच्छर के काटने से उनके परजीवी मानव रुधिर में पहुंचकर रोग ग्रस्त करते हैं, जिसे व्यक्तियों को कप कपी बुखार, सर दर्द एवं खून की कमी होती है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है रक्त की जांच अवश्य करावे, मच्छर से बचने के लिए आस पास की साफ सफाई, सोते समय दवा लेपित मच्छरदानी का उपयोग, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, घरों के आस पास कचरा जमा न होने दें एवं मच्छररोधी दवा का छिड़काव करें। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें, बुखार होने पर तुरंत तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करावे मलेरिया की पुष्टि होने पर चिकित्सक की सलाह व उपचार लेवे मलेरिया के मच्छर ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए आस पास पानी जमा न होने दे घरों मे अनुपयोगी सामानों को ना रखें, जिससे पानी जमा हो, साथ ही छत पर पानी टंकी को खुला ना रखें बुखार होने पर अनदेखा न करें मलेरिया रोगी दवा का सेवन बीच में ना छोड़े पूर्ण उपचार लेवे। मलेरिया के मच्छर स्वच्छ और स्थिर जल निकायों में पनपते हैं, इसलिए अपने घरों के आस पास पानी जमा न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, लक्षण देखने पर तत्काल खून की जांच करावे, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच व उपचार निःशुल्क किया जाता है, अधिक जानकारी के लिए अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें में। उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकरी, कर्मचारी व जन सामान्य उपस्थित थे।

**ग्राम भेड़ी में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई**

# माता कर्मा की जीवनी से त्याग, तपस्या और साधन की प्रेरणा मिलती है : नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेड़ी में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें साहू समाज के सैकड़ों लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा भोज राज नाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा ज़िला अध्यक्ष चेमन देशमुक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व भाजपा ज़िलाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश महामंत्री साहू समाज हलधर साहू, डोड़ी लोहारा तहसील अध्यक्ष राजेंद्र साहू, गुरूर

तहसील अध्यक्ष महेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष निवेन्द्र सिंह टेकाम, जयलाल मालेकर, पूजा साहू जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, सरपंच रुखमनी राणा शामिल हुई।

मुख्य अतिथि ने भक्त शिरोमणि माता कर्मा के पूजन–वंदन उपरांत उपस्थित समस्त लोगों को मां कर्मा के त्याग, तप और बलिदान की याद दिलाते हुए मानव हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सांसद ने साहू समाज के भवन के लिये द्व लाख का घोषणा किए।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मा ने समाज और देश को एक भक्ति का भाव दिया है। मां कर्मा ने भक्ति में कितनी शक्ति है यह अपने जीवन में साक्षात रूप में प्रगट करके दिखाया है, ऐसी शक्ति देखने को नहीं मिलती है कि मां कर्मा की खिचड़ी को खाने के लिए भगवान कृष्ण को उनके पास जाना पड़ा। कार्यक्रम को अन्य अनेक अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**जगतरा स्कूल के अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में शामिल हुईं कलेक्टर**

# बच्चे गीली मिट्टी के समान उसे संवारें और मनचाहे आकार दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि हमारे नन्हें–मुन्हें बच्चे गीली मिट्टी के समान होते है। शिक्षक, माता–पिता एवं समाज कुशल कारीगर की भाँति अपने साधना एवं श्रम से इन्हें मनचाहे आकार दे सकते हैं। कलेक्टर मिश्रा बालोद विकासखण्ड के पीएमश्री स्कूल जगतरा में आयोजित 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थीं।

इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अध्ययन–अध्यापन के विभिन्न बारिकीयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि बच्चों को विषय के प्रति समझ एवं उनके ज्ञानवर्धन करने के साथ–साथ बचपन से ही अच्छे आदतों का निर्माण एवं समझ भी पैदा करना

चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए अच्छी शिक्षा एवं ज्ञान के साथ–साथ अनुशासन एवं अच्छे चरित्र का निर्माण भी किया जाना अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों एवं बच्चों के अभिभावकों को 'अंगना म शिक्षा' के अंतर्गत अध्ययन–अध्यापन के बारिकीयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार एवं स्कूलों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ–साथ शैक्षणिक परिसर में अनुकूल परिवेश एवं माहौल सुनिश्चित कराना केवल शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के बस की बात नही है। अपितु इस कार्य में बच्चों के माता–पिता, जनप्रतिनिधियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने बच्चों के साथ शाला परिसर में पौधरोपण कर रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं इनके संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने शाला में कक्षा पहली में प्रवेश लेने पहुँचे दिव्यांग विद्यार्थी राहुल धनकर का समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए समग्र शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी को निर्देशित भी किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अनुराग त्रिवेदी, सरपंच मंगल सिंह मण्डावी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिका, विद्यार्थियों के अलावा उनके माता–पिता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### मानवीय मूल्यों का होता है बोध

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा एवं संस्कार के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का बोध भी उन्हें बचपने से कराना चाहिए। इसके अंतर्गत उन्होंने बच्चों को बचपने से ही पशु–पक्षियों एवं पेड़–पौधों के संरक्षण के कार्य के अंतर्गत पौधरोपण कर उनका सुरक्षा के उपाय तथा पशु–पक्षियों के लिए पानी की प्रबंध आदि छोटे–छोटे कार्यों के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा बच्चों को पानी की महत्व की जानकारी देते हुए इनके अपव्यय को रोकने के उपाय, हमारे बीच उपलब्ध संसाधनों का समुचित दोहन अपने बड़े बुजुर्गों के प्रति आदर भाव जैसे गुणों का विकास के लिए बच्चों में बचपने से ही संस्कार डालने की आवश्यकता बताई। जिससे कि हमारे विद्यार्थीएँ अपने जीवन में ऊँचे मुकाम हासिल करने के साथ–साथ राष्ट्र व समाज के लिए योग्य एवं जिम्मेदार नागरिक तथा संवेदनशील इंसान बन सके।

# आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों की शहादत से पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को भाजपा मंडल गुण्डरदेही द्वारा नगर के धमतरी चौक मे शाम 6 बजे शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजलि एवं कैंडल जलाकर आंतकवाद के खिलाफ पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नीतीश कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 02 पर

## खबर संक्षेप

### 13 जीएम बने सीजीएम

**भिलाई।** लंबे समय से बड़े साहब बनने की बाट जोह रहे भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए खुशखबरी है। सेल द्वारा यहां के तेरह महाप्रबंधकों को मुख्य महाप्रबंधक पदोन्नत किया गया है। नवपदोन्नत अधिकारियों को उनके पदोन्नति आदेश गुरुवार को इस्पात भवन में आयोजित समारोह में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा प्रदान किए और बधाई दी।

## निधन

### राजेंद्र प्रसाद पांडेय

**गुरूर।** ब्राह्मण समाज जिला धमतरी के राजेन्द्र प्रसाद पांडे पिता कुलेश्वर प्रसाद पांडे का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया।

### आर व्ही पिंगले

**डौंडीलोहारा।** नगर स्थित आई टी आई से सेवानिवृत्त प्राचार्य आर व्ही पिगले का स्वर्गवास वर्तमान निवास नेहरू नगर राजनांदगांव में हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा 26 अप्रैल शनिवार को सुबह 8 बजे निवास स्थान नेहरू नगर राजनांदगांव से निकलेगी। वे मिलिंद पिंगले के पिताजी थे।

## पेज 3 के शेष

### छग की प्रथम ...

बागडोर संभालने के पश्चात अन्नदाता किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर से धान खरीदी तथा महतारी वंदन योजना लागू कर अन्नदाता किसानों के मेहतन का सम्मान करने के साथ–साथ राज्य के महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनाकर उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम मंडेरा में आयोजित इस बेहतरीन कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्राम मंडेरा एवं अंचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अवैध प्लांटिंग के ...

भराव, बिजली के खम्भे लगाने मे समस्या, आग लगने की दशा मे फायर ब्रिगेड वाहन न पहुंच पाना सहित अनेक परेशानियां होती है, जिनका हल निकालना कठिन होता है। इसलिए वैध प्लांटिंग करते हुए ही ऐसा विक्रय किया जाना चाहिए, उन्होने बताया पिछले तीन माह मे अवैध प्लांटिंग के लगभग 35 अंतरणो के नामांतरण को रोका गया है, कार्यवाही के दौरान दौरान नायब तहसीलदार मुकेश कुमार गजेन्द्र, राजस्व निरीक्षक दयालुराम सागर, पटवारी सुनील कुमार उईके, आशीश शर्मा सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आंतकी हमले में ...

विजय सोनकर, पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू, पुर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, पवन साहू, मोहन जैन, जनपद सभापति गुलशन साहू, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, कुलदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, अश्वनी यादव, टोमन साहू, कोमल सोनकर, राजु अग्रवाल, हेमंत साहू, सौरभ जैन, हरीश निषाद, टीकाराम निषाद, थानसिंह मंडावी, हेमंत सोनकर, श्रीकांत वर्मा, दिलीप कुल्हाड़े, लेखराम साहू, दयाराम सिन्हा सहित सैकड़ो भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**व्याख्यान :** सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में धर्म विषय पर व्याख्यान का किया आयोजन

# सुख साधनों में नहीं केवल धर्म व अध्यात्म विद्या में है : महेंद्र सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्रसागर म.सा. एवं आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीषसागर म.सा. आदि ठाणा का जामगांव आर की पावन धरा पर शुक्रवार को प्रातः सवा 7 बजे आगमन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में सुख साता पूर्वक विराजे, एक दिवसीय व्याख्यान एवं धर्म चर्चा का आयोजन हुआ।

3 ठाना जैन साध्वियों ने भी व्याख्यान श्रवण का लाभ लिए। शीतल किंजल की तीन माह की बच्ची ने गुरु महाराज का प्रथम दर्शन किए आध्यात्म योगी महेंद्र सागर जी ने वासछेप आशीर्वाद प्रदान किए। साढ़े 3 बजे से 1 घंटा ज्ञान चर्चा धर्म सभा आयोजित की गई। जामगांव आर की पावन धरा में 15 जैन संत 3 जैन साध्वियां का निश्रा मिला उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेंद्र सागर, आध्यात्म मार्ग प्रणेता मनीष सागर, वर्धमान सागर, विनम्र सागर, हर्षवर्धन सागर, मैत्रीवर्धन सागर, जयवर्धन सागर, नयवर्धन सागर, आत्मवर्धन सागर, गुणवर्धन सागर, यशोवर्धन सागर, योगवर्धन सागर, धैर्यवर्धन सागर, भक्तिवर्धन सागर, हंसकीर्ति मसा जीतकीर्ति, मसा जय कीर्ति मसा का धर्म लाभ जैन श्री संघ जामगांव आर बटरेल मर्रा ने लिया।

### धर्म लोक परलोक साथ निभाती है

उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी जैन संत महेंद्र सागर महाराज ने कहा कि धन में सुख तलाशना भूल भुलैया है सुख का सागर तो धर्म में हिलोरे लेती है। धर्म को जीवन का साथी बनाए ये लोक परलोक में साथ निभाती है मोक्ष का राह दिखाती है। मोक्ष पाना ही मुख्य मंजिल है भटकने से बचने संत समागम स्वाध्याय में रुचि बढ़ाए जीवन का कल्याण करे जीवन को सार्थक बनाए। धर्म का मर्म समझे कर्म में धर्म को समाहित करे। सुख सुख और केवल सुख की राह धर्म दिखाती है समझे और समझाए जीवन में प्रेम मैत्री को अपनाए।

धन से आत्मिक सुख नही धन साधन है सुख का नाता तो धर्म से है व्याख्यान पर धर्म की ज्ञान गंगा प्रवाहित करते हुए आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा जैन संत मनीष सागर जी महाराज ने कहा कि धन सुखी रहने के लिए कमाते है लेकिन अपनी आत्मा से पूछे क्या आप सुखी बन पाए है। संत श्री ने कहा कि सुख की राह धर्म दिखाती है सुखी होना है तो धर्म से दूर नहीं भागे और धार्मिक होने का दिखावा भी नहीं करे। धर्म को कर्म में पिरोए जीवन में वैचारिक सुख की गंगा बहने लगेगी। संत श्री ने कहा कि श्रावक श्राविका सन्तो को आहार दान देते और संत ज्ञान दान देकर भक्तों को जीवन जीने की राह दिखाते है कला सिखाते है। लेकिन विडंबना नजर आने लगी है कि धन में मस्त होकर धर्म को भूलने लगे है। दुष्परिणाम स्वरूप चहूं और अशांति का वातावरण नजर आने लगा है। पिता पुत्र भाई भाई पति पत्नी सहित रिश्तों में प्रेम के जगह कलह ने जगह बनाने लगा है।

### क्रोध आने पर 50 रु दान करने का लिए संकल्प

आध्यात्म मार्ग प्रणेता युवा जैन संत मनीष सागर जी ने कहा कि क्रोध अग्नि से भी तेज जलाती है। क्रोध का मुख्य शिकार स्वयं क्रोधी को पहले होना पड़ता है। क्रोध में ज्ञान अंधा हो जाता है राक्षस प्रवृति तेज गति से समाहित होने लगती है और ऐसी घटनाओं को जन्म देती है जो केवल नुकसान दर नुकसान ही करती है। संत श्री ने क्रोध नहीं करने का संकल्प दिलाए और क्रोध आने पर प्रति क्रोध 50 रुपए का दान करने का मार्ग सुझाए। उपस्थित अनेकों धर्म प्रेमियों ने संकल्प लिए। क्रोध के चलते ही महाभारत की रचना हो गई और प्रेम भाव के चलते रामायण मर्यादा त्याग का पाठ पढ़ाती है। इच्छाओं का लिमिट क्रास होना या पूर्ति नहीं होने की स्थिति में क्रोध करने के बजाय विवेक जगाकर नियंत्रण पाए । क्रोध पर विजय पाए खुशहाल जीवन पाए। व्याख्यान लाभ इन्होंने ने लिए व्याख्यान में गौतम चंद चौरड़िया, कामता प्रसाद साहू, कोचर मर्रा, गोवर्धन चंद, लीला देवी, आशीष भारती, निपुण कोचर, सुरेश, सुशीला जैन, प्रेमचंद, सुनीता चौरड़िया, सुरेश चौरड़िया, लक्ष्मी, मनीष बैद, चंद्रकैलाश, ममता, प्रज्ञा, शीतल बैद, छाया चौरड़िया, आसकरण, निर्मला गोलछा सहित धर्म प्रेमियों ने लाभ लिए।

# गुंडरदेही जनपद में 6 सभापतियों की निर्विरोध जीत भाजपा की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

जनपद पंचायत गुण्डरदेही में बुधवार को हुए बहुप्रतीक्षित सभापति चुनाव में भारतीय जनता पाटऍ ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सभी छ सभापति के पदों पर निर्विरोध विजय प्राप्त की। यह जीत भाजपा संगठन की कुशल रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।

सभापति संचार संकर्म निर्माण विभाग मे धारा पंकज चौधरी ने निर्विरोध जीत दर्ज की धारा चौधरी इंजिनियरिंग इलेक्ट्रोनिक्स टेली कम्यूनिकेशन मे पढ़ाई की है, धारा चौधरी ने जिम्मेदारी के लिए भाजपा संगठन ऊपर आभार जताया और कहा केंद्र और राज्य सरकार की

योजनाओं पर विकास के काम को मजबूती से करेंगे और निर्माण काम मे किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दास्त नही की जाएगी।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन पीठासीन अधिकारी एसडीएम प्रतिमा ठाकरे की निगरानी में संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदशऍ तरीके से चली, जिसमें जनपद पंचायत के सभी 24 निर्वाचित सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। सामाजिक समीकरणों पर भी रही विशेष नजर सभापति चुनावों में सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व भी चर्चा का विषय रहा। जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित 6 सभापतियों में आदिवासी समाज और अनुसूचित जाति वर्ग महिलाओं को भागीदारी मिली है। भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाला परिणाम जनपद पंचायत गुण्डरदेही में भाजपा की इस अभूतपूर्व सफलता सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। यह जीत स्थानीय संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के बीच जमीनी पकड़ को रेखांकित करती है।

# पहलगाम में आतंकियों का हमला कायराना हरकत पर जताया आक्रोश और मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के काली मंदिर के पास अटल चौक में राष्ट्रगान समिति,भाजपा मंडल डौंडीलोहारा तथा नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के लिए कैंडल जलाकर नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिनमें राष्ट्रगान समिति की ओर से धर्मेंद्र निषाद, संदीप भंसाली, प्यारेलाल निषाद, डॉ. बी. एल. साहसी ,धन्नू यादव , ललित साहू ,भगवानी निषाद ,दिलीप बाफना दीनू यादव आदि सम्मिलित हुए इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में नगर व आसपास के गणमान्य नागरिक व जन प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें लाल निवेंद्र सिंह टेकाम (नगर अध्यक्ष), देवेन्द्र जायसवाल जिला महामंत्री भाजपा, जसराज शर्मा भाजपा नेता, श्रीमती कुसुम शर्मा मंडल अध्यक्ष, नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत, ममता शर्मा (पार्षद), ममता यादव (पार्षद) ,रेवती कोलियारे (पार्षद), सूर्य कला (पार्षद),बलराम गुप्ता, मूलचंद शर्मा, धीरज जैन ,अनिल चोपड़ा, जय लाल मालेकर, मनोज शर्मा, तुकाराम साहू, महेंद्र जायसवाल, महावीर तातेड, महेश कोलियारे उपस्थित थे।

- आत्मशांति के लिए कैंडल जलाकर नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धांजलि सभा की

### आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता

इस अवसर पर संदीप भंसाली ने कहा कि धर्म जाति को पूछ कर मारने वाले लोग टारगेट करके आए थे कि हिंदुओं को मारना है ,अब तक हमने सुना था कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता ,लेकिन यहां पर टारगेट करके मारा गया है इसकी मैं घोर निंदा करता हूं ,धर्मेंद्र निषाद ने कहा कि पहलगाम से 6 किलोमीटर दूरी पर बैरनसार देवदार के जंगल और पहाड़ियों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है जहां पर्यटक जीवन का कुछ महत्वपूर्ण पल बिताने के लिए आए हुए थे उनको निशाना बनाकर कपड़े उतरवा कर गोलियों से छलनी कर दिया यह कहां की मानवता है इसका मैं घोर निंदा करता हूं, और मेरा सरकार से अनुरोध है कि जैसा उन्होंने किया है उनका जवाब वैसा ही दिया जाना चाहिए। डॉक्टर बी .एल.साहसी ने उपस्थित लोगों को दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि करवाया, इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग हत्याकांड को जनरल डायर ने अंजाम दिया था।

**26 मृतकों में दो विदेशी पर्यटक भी :** जहां एक ही तंग मार्ग था उसे उन्होंने स्वयं घेर लिया था और उस सभा को अवैध घोषित कर अंधाधुंध गोलियां चलाई थी उसी की याद आज यहां ताजा हो गई क्योंकि यहां पर भी धर्म व जाति पूछने के पश्चात उसको संभलने का मौका नहीं दिया गया और उसको मार दिया गया जिसका मैं घोर निंदा करता हूं ,लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम नगर अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार पर्यटकों को मौत के घाट उतारा गया है जिसमें 26 लोगों की मौत हुई जिसमें दो विदेशी पर्यटक भी शामिल है उनको श्रद्धांजलि देता हूं उनके ऐसे नीच कार्य के लिए उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, देवेंद्र जायसवाल महामंत्री ने कहा कि जिस प्रकार पाकिस्तानी आतंकी संगठन लस्कर- ए-तोयबा ने इसकी जिम्मेदारी ली है उसे जड़ से समाप्त कर देना चाहिए ,मेरा शासन से यही अनुरोध है और जो पर्यटक इसमें मारे गए हैं उनको मेरी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि। जसराज शर्मा ने कहा कि इस हमले में मारे गए 26 व्यक्तियों को जो कि निर्दोष पर्यटकों पर हमला किया गया मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं ।बलराम गुप्ता ने कहा कि आज तक हमला जवानों पर किया जाता था ,लेकिन आज यहां पर पर्यटकों के साथ किया गया जो की एक अमानवीय घटना है, मैं इसकी घोर निंदा करता हूं तथा शासन से अपील करता हूं कि उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाय, उन्हें मेरी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि। मूलचंद शर्मा जी ने कहा कि मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि तथा ऐसी अपराध के लिए उन्हें माफ नहीं किया जाना चाहिए मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। अंत में आभार प्रदर्शन प्यारेलाल निषाद ने किया और उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अवसर पर उपस्थित सभी लोग जिन्होंने अपनी कीमती समय देते हुए, आज के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आए तथा विचार व्यक्त किये उसके लिए मैं हमारी संस्था की ओर से (राष्ट्रगान समिति) की ओर से धन्यवाद देते हुए मारे गए सैलानियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# ग्राम मोहरा के अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम में माताएं भी हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय प्राथमिक शाला मोहरा में शासन की योजना के तहत अंगना मा शिक्षा का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें कक्षा पहली में प्रवेश करने वाले बच्चो के माताओ को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे।

अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा जीआर साहू ने किया। विशेष अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा अखिलेश बघेल थे। मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने कहा बच्चों को सवारने का यदि काम करता है तो माताएं ही

करते हैं और मताओ से मेरा निवेदन है कि अपने–अपने बच्चों को घर के आंगन में ही बिठाकर पढ़ाया और खेल–खेल में ही पढ़ने का काम करवा हम गणित विषय को भी घर में काम करते–करते बहुत अच्छे ढंग से बच्चों को गिनती सिखाया जा सकता है क्या उदाहरण के रूप में हम आलू, प्याज, पपीता, केला इनको गिनती करके हम बच्चों को गिनती सिखाया जा सकता है, सभी मताओ से मेरा निवेदन है की बच्चों को प्रति अच्छा ध्यान दें स्कूल के ही भरोसा नहीं रहे ताकि हम अपने बच्चों को एक अच्छा बच्चा बन सकते हैं।

इस अवसर पर मालती साहू, संतोष साहू, मालती, रोशन साहू एवं पहली कक्षा के बच्चों का माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आतंकी बर्बरता पर जताया आक्रोश और दी श्रद्धांजलि

**अर्जुंदा।** कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाते हुए उनका धर्म पूछकर, हिन्दू जानकर उनको पत्नी, बच्चों व परिवारजन के सामने ही उन्हें गोलियों से भूनकर उनकी बर्बरता से हत्या कर दी, जिससे पूरा हिन्दू समाज आक्रोशित है।

अर्जुंदा नगर मे हिन्दू संगठनों द्वारा शाम को नगर के बसस्टैंड में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमे उमाशंकर साहू, चंद्राहास देवांगन, मिथलेश शर्मा, रितेश देवागन, ईश्वर देवागन, पंकज चौधरी, वामन साहू, डूलेश्वर सिन्हा, दानेश्वर साहू, विवेक ठाकुर, नीतीश साहू, डिगेन्द्र साहू, श्यामसुंदर साहू, नवीन राजपूत, तुलेश शर्मा, निर्मल सिन्हा, वेद सिन्हा समेत बड़ी संख्या में सम्मलित हुए। श्रद्धांजलि सभा मे सर्वप्रथम बर्बर इस्लामिक आतंकवादियों को जल्द से नर्क पहुचाने की मांग की गई तथा भारत सरकार से ऐसे जेहादी मानसिकता वाले संगठन, व्यक्ति व पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग की गई। पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए। पश्चात कैंडल जलाकर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिन्दू पर्यटकों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

**खेल-खेल में शिक्षा देने की जानकारी दी**

# प्राथमिक शाला सहगांव में पढ़ाई तिहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला सहगांव में अंगना म शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार का शुभारंभ भूषण लाल देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत सहगांव के मुख्य आतिथ्य, श्री के. एल. चुरेन्द्र प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सहगांव की अध्यक्षता व श्रीमती रुनीता बाई पिस्दा उप सरपंच के विशेष आतिथ्य में मॉ शारदे की पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात अंगना म शिक्षा की नोडल शिक्षिका श्रीमती केशर अलेन्द्र ने नव प्रवेशी बच्चों का नामांकन कर संतुलन बनाकर चलना, रंग पहचान, वर्गीकरण, चित्र वाचन, पेपर फोल्डिंग, बच्चों का कोना,

गणित पूर्व तैयारी, अंक पहचान, वर्णमाला पहचान आदि की गतिविधि कराकर माताओं को घर में ही रहकर बच्चों को खेल - खेल में शिक्षा देने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भूषण लाल देवांगन ने कहा कि बच्चे अधिकांश समय घर में ही रहते हैं अतः जब तक माता पिता अपने बच्चों को बैठाकर नहीं पढ़ाएंगे तब तक बच्चे आगे नहीं बढ़ेंगे। संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही ने कहा कि बच्चों के प्रथम गुरु माता होतें हैं अर्थात माताएँ अपने बच्चों को अच्छा संस्कार देकर उन्हें चरित्रवान बनाएं।

इस अवसर पर शरद मालेकर, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, दीपा आमदो, भागवत ठाकुर नसीद टेमार्य, सीमा, साधना, बीरम, अंजनी, इंदूमति, होरी लाल, कविता, भगवती, भुनेश्वरी, तरुण यामिनी, माधुरी, खिलेश्वरी झमित,अनिता, सगाबती,गोमती, सरस्वती, केशरी, मोनिका, राजेश्वरी, ओमेश्वरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल ने किया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हुसैनी सेना ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**भिलाई।** दुर्ग जिला हुसैनी सेना द्वारा पहलगाम में हुए 26 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध स्वरूप गुरुवार को राष्ट्रीय हुसैनी सेना व भिलाई मुस्लिम समाज के द्वारा सुपेला घड़ी चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। पहलगाम कांड में शहीद हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस विरोध प्रदर्शन में भिलाई के सुपेला घड़ी चौक में सैकड़ों की संख्या में हुसैनी सेना वा मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।समाज के लोगो ने विरोध में पाकिस्तान मुर्दाबाद,आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। इसके बाद सभी ने पाकिस्तानी आतंकवादियों का पुतला दहन किया। अध्यक्ष सोहेल राईन ने बताया कि देश को झकझोर देने वाली पहलगाम हत्याकांड जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। अति निंदनीय घटना है। इसके विरोध स्वरूप आज आतंकवाद का पुतला जलाया गया व मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए सुपेला घड़ी चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत सरकार से मांग की गई कि ऐसे आतंकी जो देश के लिए नासूर है इन्हें खोज- के निकाल कर इन्हें श्रीनगर के लाल चौक पर गोली मार दी जाए यह मांग मुस्लिम समाज करता है।

### एनडीआरएफ ने बताए आपदा से निपटने के उपाय

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी के सभागार में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम (फेमेक्स) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमएएच कारखानों-ऑक्सीजन प्लांट-2, प्रोपेन प्लांट-1 एवं 2 तथा लिंडे इंडिया लि.के लिए आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम की अध्यक्ष सीजीएम बीके बेहेरा और संचालन जीएम आरके अहिरवार ने किया।

### उद्यानिकी विभाग ने मनाया पृथ्वी दिवस

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन नगर सेवाएं विभाग के भवन में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता थे। उन्होंने पृथ्वी की हरियाली और जीव जंतुओं के संरक्षण का आह्नान किया। महाप्रबंधक डां. एनके जैन ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य जल, थल, वायु, पेड़ और जीव जंतु का संरक्षण करना है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने परिसर में बकुल ओर एक्सओरा आदि पौधे रोपे। इस अवसर पर महाप्रबंधक विष्णु पाठक, राजेश साहू, महिंद्र साहू, मृदुल गुप्ता मैनेजर राजेश शर्मा, शंकर अग्रवाल, ललित यादव, अशोक सिंह और उप महाप्रबंधक आरके गर्ग आदि उपस्थित थे।

### लोकतंत्र प्रहरी छग इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बने विशाल

**भिलाई।** लोकतंत्र सेनानी संघ के उत्तराधिकारी संगठन लोकतंत्र प्रहरी ने अपनी छत्तीसगढ़ इकाई का गठन करते हुए प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने किया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस को बनाया गया है। सहअध्यक्ष अमित छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत उपासने , कृष्णकांत पवार और मनोज निर्वाणी (राजनांदगांव) को मनोनीत किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

समस्या : नदी की चौड़ाई व गहराई माइंस की लाल मिट्टी पटी इसलिए जलसंकट हुआ विकराल

# भीषण गर्मी से कुसुमकसा नदी सूखी आठ गांवों में जल संकट, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

दल्लीराजहरा से कुसुमकसा की ओर सात आठ दशक से बह कर आ रही बारहमासी नदी में गर्मी के प्रारंभ होते ही पानी नहीं होने से सूख सी गई है ,जिससे सात_आठ गांवों के ग्रामीणों को निस्तारी के लिए तालाबों सहित अन्य संसाधनों का सहारा लेना पड़ रहा है ,दल्लीराजहरा से कुसुमकसा की ओर आ रही जीवनदायिनी नदी का हाल, सात गांव का कंठ सूख गई कुसुमकसा नदी, बदल गया स्वरुप बदलते परिवेश में प्रकृति प्रदत्त संसाधनों पर भी अस्तित्व का खतरा मंडराने लगाहै। लिहाजा कि कुसुमकसा नदी जैसे बड़ी बड़ी नदीआज अपने पुराने स्वरूप को सहेजने में विफल साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया की सात आठ दशक पूर्व दल्लीराजहरा से कुसुमकसा की ओर बहकर आ रही उक्त नदी की चौड़ाई लगभग 100 से 150 फीट तक थी व नदी की गहराई अत्यधिक थी ,बारहमास ग्रामीण उक्त नदी के पानी से निस्तारी करते थे ,बरसात के दिनों में राजहरा की ओर से बहकर आ रही पानी के साथ माइंस की लाल मिट्टी आने से धीरे धीरे नदी की चौड़ाई व गहराई लाल मिट्टी के पट जाने से कम होने लगी जिसके कारण आज नदी की चौड़ाई व गहराई में माइंस की लाल मिट्टी पट जाने से नदी नाली का रूप ले ली है ।

निस्तारी की समस्या

ग्रामीण अंचलों में वैवाहिक कार्यक्रम चालू हो गए है, जिससे वैवाहिककार्यक्रमों में शामिल होने आए मेहमानोंके निस्तारी की समस्या की चिंता ग्रामीणों को नाला में पानी ना होने से सता रही है। कुसुमकसा में एक तालाब सुख गया है वही दो तालाबो में बोर के द्वारा पानी भरा जा रहा है। कुसुमकसा केग्रामीणों के पेयजल हेतु ग्राम पंचायत एक पानी की टंकी व पांच बोर से सीधे पाइप लाइन से सार्वजनिक स्थलों में लगाये गए नल की टोटियां व ग्रामीणों के घरों में लगाये गए नलो सोलर सिस्टम के पानी टंकी के माध्यम से पानी जा रहा है ,नल कनेक्शन से ग्राम पंचायत द्वारा पानी दिया जा रहा वही ग्राम में 27 हेण्डपम्प है जिसमे कुछ हैंडपम्पो का जल स्तर नीचे जाने से बन्द पड़ा है ,ग्रामीणों के घरों में शौचालय का उपयोग किए जाने से पानी की खपत भी बढ़ गई है दल्लीराजहरा की ओर से सात-आठ दशको से बहकर आ रही जीवनदायिनी नदी में भीषण गर्मी के चलते पानी ना होने से कुसुमकसा सहित समीपस्थ सात ग्रामों के ग्रामीणों को निस्तारीकी समस्या से झूझना पड़ रहा है।ग्रामीणों को जानवरों का पानी पिलाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुसुमकसा सहित खम्हारटोला,पथराटोला,अरमुरकसा,करिए, धुरवाटोला, शिकारीटोलाके अनेक ग्रामीण उक्त बारहमासी बहनेवाली नदी के पानी से निस्तार करते आ रहे है, किन्तु अप्रैल माह के प्रारम्भ में ही नदी सुख गई है ,समीपस्थ , भोयर टोला जलाशय व रजही नयापारा जलाशय में भी पानी कम होने से निस्तारी के लिए पानी नहीं मिलने की संभावना हैजिससे आने वाले समय में भीषण गर्मी पड़ने से ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि उक्त नाला में मिट्टी पट जाने से नाला का अस्तित्व खत्महोने लगा है।

### नदी से मिट्टी निकालने में ही समस्या का समाधान संभव है

शासन प्रशासन से उक्त नाला में बरसात के दिनों में पानी के साथ बहकर आई राजहरा माइंस की लाल मिट्टी को निकलवाने के लिए पूर्व में ग्राम सुराज अभियान, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, लोक सुराजअभियान में ज्ञापन दिया गया किन्तु आज पर्यन्त तक कुछ नही हो पाया है ,शासन प्रशासन द्वारा दल्लीराजहरा से कुसुमकसा होकर गिधाली की और जाने वाली उक्त नदी में जल सरंछन एवं ग्रामीणों के निस्तार के समुचित व्यवस्था बनाने के लिए मशीन लगाकर नदी की पुरानी चौड़ाई और गहराई कर मिट्टी को बाहर फिकवाना पड़ेगा जिससे नदी में पानी भरा रहेगा और जल स्त्रोत भी बना रहेगा। कन्हैया लाल भौसार्य ने बताया की बारह मासी बहने वाली उक्त नदी का पानी का उपयोगकुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों के ग्रामीण निस्तारी करते आ रहे है वही,जानवरों के पेयजल की व्यवस्था भी होती है किंतु गर्मी प्रारंभ होते ही नदी में पानी ना होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,नदी में जमा मिट्टी को जल्द निकलवाने की मांग शासन से की है। नारद राम पंद्रामें ने बताया की बचपन में उक्त नदी में बारह मास पानी बहता देखे है ,बरसात के दिनों में दल्लीराजहरा माइंस की और से बहकर आ रही पानी के साथ लाल मिट्टी युक्त आने से नदी की गहराई पट सी गई है जिससे नदी का अस्तित्व खतरा में है ,नदी पर पानी रोकने के लिए बना पुराना रपटा की ऊंचाई व लंबाई नदी की चौड़ाई व गहराई बता रही है ।

# अटल टिंकरिंग लैब कम्युनिटी सप्ताह में विद्यार्थियों ने यंत्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज.अंडा

डा भीम राव आंबेडकर के शिक्षा, समानता और अवसर सबके लिए के स्वप्न को साकार करने की दिशा में शा उ मा वि अंडा दुर्ग के अटल टिंकरिंग लैब में कम्यूनिटी सप्ताह मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्ग दर्शन में व एटीएल प्रभारी रेणुका चंद्राकर के संयोजन में सम्पन्न किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साह पूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, श्वेता भिमटे, व्ही पद्मावती, पी पटेल , दामिनी साहू आदि उपस्थिति रही।

इस अवसर पर कक्षा 6 वी से 12 वी तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक को केवल पुस्तकीय रूप में नहीं, बल्कि प्रयोग और अनुभव के स्तर पर जाना। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सेंसर, आप्टिकल फाइबर, सोल्डरिंग स्टेशन, ड्रिलिंग मशीन, सिलाई मशीन , टेलिस्कोप आदि उपकरणों का अवलोकन और उपयोग किया गया। 3 D प्रिंटर पर निर्माण 3 D माडल की निर्माण प्रकिया को देखकर उन्होंने नवीन नवाचार की ओर रूचि दिखाई।

■ उमावि अंडा दुर्ग के अटल टिंकरिंग लैब में कम्यूनिटी सप्ताह मनाया

साथ ही कार्टून , बोट,कैरेक्टर ग्रूट व श्री हनुमान जी का 3D माडल का निर्माण किया गया। ए टी एल एम्बेसडर हेमेश देशमुख के द्वारा 3 D प्रिंटर से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षक पूरन वर्मा टेक बी ने 3D प्रिंटर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

शा पूर्व मा वि अंडा की प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, नीलिमा वर्मा शिक्षिका ( शा पू मा वि अंडा) ने भी बच्चों के साथ उपस्थित होकर सहभागिता को और प्रभावी बनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, सभी सहयोगी शिक्षको, बच्चों के द्वारा 3D प्रिंटर से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। कशिश, चंचल के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# प्रज्ञा पुराण कथा व पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 26 से 29 तक

**कुसुमकसा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में लोक जागरण प्रज्ञा पुराण कथा एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का चार दिवसीय कार्यक्रम स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। 26 अप्रैल शनिवार को सायं 5 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी तदपश्चात कलश पूजन ,देव स्थापना एवं सर्वतो भद्र पूजन किया जाएगा

27अप्रैल रविवार को सुबह 5.30 बजे प्रज्ञा योग एवं ध्यान साधना ,सुबह 7 बजे से 9 बजे तक गायत्री महायज्ञ ,सुबह 10 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा ,28अप्रैल सोमवार को को सुबह 5.30 बजे प्रज्ञा योग एवं ध्यान साधना,सुबह 7 बजे से 9 बजे तक गायत्री महायज्ञ,सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा एवं विभिन्न संस्कार एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा, संध्या 6 बजे से दीप महायज्ञ , 29 अप्रैल मंगलवार को सुबह

5.30 बजे प्रज्ञा योग एवं ध्यान साधना ,सुबह 9बजे से दोपहर 1 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार,पूर्णाहुति ,महाप्रसाद एवं टोली बिदाई का कार्यक्रम होगा , उक्त कार्यक्रम मे भारतीय वेशभूषा में भागीदारी ,संस्कार के लिए पहले से पंजीयन कराने व सभी संस्कार निशुल्क संपन्न होने की जानकारी दी गई

गायत्री प्रज्ञा मंडल एवं कुसुमकसा के ग्रामवासियों ने इस महायज्ञ में भागीदारी कर अपने जीवन को सफल बनाने की अपील की है

**खेल खेल में शारीरिक, बौद्धिक, गणितीय विकास करने माताओं को जानकारी दी**

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में माताएं बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर लो. में शुक्रवार 25 अप्रेल को अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात किया गया।

अंगना म शिक्षा के अंतर्गत 9 प्रकार के काउंटर स्टाल लगाया था। बच्चों के आकलन हेतु विभिन्न प्रकार दक्षता के लिए किट्स एवं कार्ड प्रत्येक स्टाल में रखे गए थे।जिसके माध्यम से नव प्रवेशी बच्चों के माताओं द्वारा क्रमशः सभी स्टाल में अपने अपने बच्चों के शारीरिक दक्षता, बौद्धिक दक्षता,गणित दक्षता का आकलन किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के द्वारा माताओं को घर में ही बहुत सारे गतिविधियों के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में बारह सक्रिय माताओं ने अपने बच्चों

के साथ अपनी उपस्थिति दी। इसमें से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चे की माता लताबाई को स्मार्ट माता घोषित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष गंगा राम निषाद एवं पूर्व उपसरपंच तोमन सिंग लाटिया,पंच वीरेंद्र निरोटी ,सदस्य रामायण पटेल, संकुल समन्वयक तोमन लाल मालेकर,संस्था प्रमुख श्रीमती वीणा ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू, कुमार संभव देवांगन और पांचों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शकुन्तला निषाद, अर्चना ठाकुर, ख़ोरबारीन, लता साहू, तुलेश्वरी खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार दिल्लीवार ने किया।

# मलेरिया उन्मूलन सामूहिक प्रयास व सहयोग से ही संभव होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला बालोद में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्श की भांति 25 अप्रैल को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के आदेशानुसार विश्व मलेरिया दिवस ''थीम अनुसार" मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाये–पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करे पुनः प्रज्जलित करें के अनुसार मनाया गया।

ज्ञात है कि वर्श 2027 पूरे प्रदेश में शून्य मलेरिया शून्य स्थानीय संक्रमण करने एवं वर्श 2030 तक मलेरिया उन्मूलन करने हेतु लक्ष्य निर्धारण किया गया है, जो कि सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से संभव किया जा सकता है। मलेरिया उन्मूलन हेतु सभी स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा

एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद डॉ. एम.कें.सूर्यवंशी कें निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन मे जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय बालोद मे किया गया जिसमें रंगोली/पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया, बालोद जिले में विगत वर्शों में मलेरिया की संख्या में कमी आई है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा मलेरियारोग के उन्मूलन के संबंध में शीघ्र जांच, त्वरित उपचार तथा रोकथाम कें बारें में विस्तार पूर्वक बताया गया।

उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन सहमुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके. श्रीमाली, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. जीआर. रावटे, पैथोलाजी विशेषज्ञ डॉ. केके. हथगिया, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी आरके. सोनबोइर, जिला अस्पताल सलाहकार डॉ. कल्याण सिंग, जिला सलाहकार एनव्हीबीडीसीपीश्र सुर्यकांत साहू, स्थानीय पर्यवेक्षक एवंस्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, नर्सिग कॉलेज के प्रशिक्षक एवं छात्र–छात्रएँ तथा अन्य अस्पताल कर्मचारी एवं जनसमुह उपस्थित थे।

# मृतकों की आत्मशान्ति के लिए 26 को होगा हरिनाम संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हमले के मद्देनजर, अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के संस्थापकाचार्य एसी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की प्रेरणा से हरिनाम संकीर्तन का आयोजन 26 अप्रैल को गुरूर मे किया जाएगा। यह संकीर्तन प्रचार केंद्र गुरुर द्वारा केशव सखादास के नेतृत्व में 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह संकीर्तन लगभग एक घंटे तक गुरुर नगर की सड़कों पर निकाला जाएगा।

इस हरिनाम संकीर्तन का उद्देश्य पहलगाम हमले में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना तथा उनके परिवारजनों को आध्यात्मिक और मानसिक सहयोग प्रदान करना है। उन्होने गुरुर के सभी निवासियों से सादर अनुरोध करते हैं कि अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें और इस आध्यात्मिक प्रयास में सहयोग करें। कलियुग में केवल हरिनाम संकीर्तन ही युगधर्म है, जो सभी जीवों का कल्याण कर सकता है। भगवान के पवित्र नामों का संकीर्तन ही इस युग की सबसे सरल और श्रेष्ठ साधना है, जो हमें इस भौतिक संसार से उबार सकती है।

# प्राथमिक शाला भर्रीटोला पढ़ाई तिहार मनाया गया

**डौंडी।** 25 अप्रैल को अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमे अपने शाला ग्राम के नवप्रवेशी आंगनबाड़ी बच्चों पर सपोर्ट कार्ड/काउंटर के माध्यम से गतिविधियों का आयोजन किया गया! जिसमे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया , साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ-साथ सभी माताएं अपनी उपस्थिति प्रदान की साथ ही माताओं में स्मार्ट माता का चयन भी किया गया! इसके साथ जनपद सदस्य श्रीमती रत्ना हिरवानी के द्वारा बच्चों के माताओं को घर पर किस तरह से खेल-खेल के माध्यम से घर परिवार के परिवेश से बच्चो को किस तरह से सीखाना हैं की जानकारी प्रदान की गई! स्मार्ट माता ने भी इस संबंध में अपना विचार प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी , एस.आर.भलेंद्र (प्रधानपाठक) मोहन लाल तारम (प्रधानपाठक) संकुल समन्वयक नितेश कुमार चौरका , दुर्योधन मलिक , श्रीमती मंजू प्रसाद , श्रीमती मृदुला एक्का , दीनदयाल मालेकर , श विजय कुमार साहू शिक्षक अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए!

23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579